रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 663] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 27, 2017/श्रावण 5, 1939
No. 663] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 27, 2017/SRAVANA 5, 1939

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 जुलाई, 2017

सा.का.नि. 964(अ).—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 12) की धारा 17 के साथ पठित धारा 53, एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2013 का 13) की धारा 17 और धारा 18 तथा संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 14) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, नामत:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—**इन नियमों का संक्षिप्त नाम माल और सेवा कर निधियों का निपटान नियम, 2017 है।

(2) ये उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जो केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. **परिभाषाएं.—**(1) (क) "प्राधिकारी" से बोर्ड, राज्य कर नोडल प्राधिकारी, प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और संबंधित राज्यों के लेखांकन प्राधिकारी अभिप्रेत हैं;

(ख) "बोर्ड" से केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के अधीन गठित केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड अभिप्रेत है;

(ग) "सरकार" से केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है;

(घ) "इनपुट कर प्रत्यय" से इनपुट कर का प्रत्यय अभिप्रेत है;

(ड.) "रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 25 के अधीन रजिस्ट्रीकृत है, किन्तु इसके अन्तर्गत विशिष्ट पहचान संख्या वाला व्यक्ति नहीं है।

(च) "रिपोर्ट" से इन नियमों द्वारा या उनके अधीन विनिर्दिष्ट या अन्यथा दी जाने के लिए अपेक्षित कोई रिपोर्ट अभिप्रेत है;

(छ) "राज्य लेखांकन प्राधिकारी" से संबंधित राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित लेखांकन प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ज) "राज्य कर नोडल प्राधिकारी" से संबंधित राज्य सरकार (सरकारों) द्वारा यथा अधिसूचित किसी राज्य का कराधान प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(2) उन शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017, एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो क्रमश: उन अधिनियमों में उनके हैं।

3. रिपोर्टों को इलैक्ट्रॉनिक रूप से भेजना:—

(1) माल और सेवा कर नेटवर्क निन्नानुसार प्राधिकारियों को इलैक्ट्रॉनिक रूप से रिपोर्टें प्रेषित करेगा:

(2) उप-नियम (1) में यथा निर्दिष्ट रिपोर्टें निम्नानुसार प्रस्तुत की जाएंगी:

(क) मासिक रिपोर्टों की दशा में उस मास की 25 तारीख तक जिसमें माल और सेवा कर विवरणियां प्रस्तुत की जाती हैं; और

(ख) गैर-अप्रयुक्त इनपुट कर प्रत्यय से संबंधित रिपोर्ट की दशा में, वार्षिक रिपोर्टों की दशा में, पश्चातवर्ती वित्तीय वर्ष के 25 अक्तूबर तक:

यदि उस मास की 25 तारीख को अवकाश है तो रिपोर्ट को अवकाश के पश्चात प्रथम कार्य दिवस तक भेजा जाएगा:

परंतु यह और कि यदि विवरणी फाइल करने की तारीख बढ़ाई जाती है, तो तदनुसार निपटान रिपोर्ट के सृजन की तारीख को बढ़ा दिया जाएगा और यदि सितंबर के लिए विवरणी विलंब से फाइल की जाती है तो गैर-अप्रयुक्त इनपुट कर प्रत्यय से संबंधित रिपोर्ट को तदनुसार भेजा जाएगा।

4. एकीकृत कर का केन्द्रीय (एकीकृत कर) और राज्य (राज्य कर) के बीच या केंद्रीय (एकीकृत कर) और केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) के बीच प्रति-उपयोग और संविभाजन की रिपोर्ट—

(1) केन्द्रीय (एकीकृत कर) और राज्य (राज्य कर) के बीच या केन्द्रीय (एकीकृत कर) और केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) के बीच किए जाने वाले निधियों के अंतरण से संबंधित ब्यौरे माल और सेवा कर नेटवर्क द्वारा, प्रत्येक राज्य और संघ राज्य-क्षेत्र के प्राधिकारियों को प्ररूप, **जीएसटी एसटीएल 01.01 से जीएसटी एसटीएल-01.12** तक में निम्नानुसार भेजे जाएंगे—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.01** में, प्रत्येक राज्य के लिए मासिक समेकित विवरण जिसमें केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 53 और संबंधित राज्य के माल और सेवा कर अधिनियम (जिसे इसमें इसके पश्चात राज्य माल और सेवा कर अधिनियम कहा गया है) संघ राज्य-क्षेत्र माल एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 21 और एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 18 के अनुसार प्रत्यय के प्रति-उपयोग के कारण, केन्द्रीय (एकीकृत कर) से राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) को या विलोमत: और एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 में यथा उपबंधित संविभाजन के कारण केन्द्रीय (एकीकृत कर) राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) को अंतरित होने वाली कुल राशि से संबंधित खंड (ख) में निर्दिष्ट ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे;

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.01** में, अंतर्विष्ट सूचना से संबंधित राज्य-वार ब्यौरे रखने वाली मासिक रिपोर्टें निम्नानुसार हैं:—

(i) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 01.02** में, राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 53 और यथास्थिति राज्य माल और सेवा कर अधिनियम, या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 (इनपुट सेवा वितरक द्वारा प्रति-उपयोग सहित), यथा उपबंधित, में राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के इनपुट कर प्रत्यय से एकीकृत कर के दायित्व को समायोजित किया है।

टिप्पण : केंद्रीय कर के इनपुट कर प्रत्यय से और राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर के इनपुट कर प्रत्यय से प्रदत्त एकीकृत कर का सार क्रमश: प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 1.01 और 2.01** के स्तम्भ 3 में दर्शाया जाएगा;

(ii) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.03** मै, राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियिम की धारा 18 में यथा उपबंधित राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर, यथास्थिति, के दायित्व को समायोजित किया है।

टिप्पण : एकीकृत कर के इनपुट कर प्रत्यय से संदत्त राज्य कर/ संघ राज्य-क्षेत्र कर का सार प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 0.01** के स्तम्भ 4 में दर्शाया जाएगा;

(iii) ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों या अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने निम्नलिखित मामलों में एकीकृत कर का भुगतान किया है और उक्त एकीकृत कर को एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 के उपबंधों के अनुसार संविभाजित किया जाना है:—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.04** में, अन्य राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने इनपुट सेवा वितरक वितरण सहित जावक अंतर-राज्यीय प्रदाय संबंधित राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों या इकाइयों अथवा उन करदाताओं को किया जिन्होंने निर्यात किए हैं या कर के भुगतान पर विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) को प्रदाय किए हैं, इनमें विवरणी नहीं भरने वाले वे व्यक्ति भी शामिल है जिनके पास एकीकृत कर प्रत्यय उपलब्ध है।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 5 में दर्शाया जाएगा;

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.05** में, अन्य राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने राज्य के समेकित कराधेय व्यक्तियों या अनिवासी करदाता या विशिष्ट पहचान संख्या धारकों को अंतर-राज्यीय प्रदाय किया है।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र और एकीकृत कर के केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित किए जाने वाले एकीकृत कर का सार क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** दोनों के स्तम्भ 6 में दर्शाया जाएगा;

(ग) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.06** में, अन्य राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र के ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने ऐसी अंतर-राज्यीय आवक प्रदाय किए हैं जिनके लिए इनपुट कर प्रत्यय को केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 के उपबंधों के अनुसार अपात्र घोषित किया गया है या जिनका एकीकृत कर इनपुट कर प्रत्यय केंद्रीय माल और सेवा कर की धारा 18 की उप धारा (4) और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम में यथा उपबंधित कंपोजीशन स्कीम का विकल्प चुनने के कारण समाप्त हो गया है या जिनका एकीकृत कर का इनपुट कर प्रत्यय रजिस्ट्रीकरण रद्द होने के कारण समाप्त हो गया है।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 7 में दर्शाया जाएगा;

(घ) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.08 में,** ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उप-धारा (1) के खंड (घ) के अधीन संबंधित राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में आयात किए हैं।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 9 में दर्शाया जाएगा;

(ड.) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.09** में, किसी राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में समेकन (कंपोजीशन) करदाता या विशिष्ट पहचान संख्या घारकों की सूची

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 10 में दर्शाया जाएगा;

(च) प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.10 में, किसी राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने ऐसे आयात किए हों जिन पर इनपुट कर प्रत्यय को केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 में यथा उपबंधित अपात्र के रूप में घोषित किया गया है।

टिप्पण : इस विवरण से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 11 में दर्शाया जाएगा;

(छ) प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.12 में, किसी राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने एकीकृत कर पर ब्याज का भुगतान किया है

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 13 में दर्शाया जाएगा;

(iv) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.01** में अंतर्विष्ट सूचना से संबंधित जीएसटीआईएन-वार, राज्य-वार ब्यौरों वाली निम्नलिखित रिपोर्टों को भी वर्ष में एक बार भेजा जाना अपेक्षित होगा:—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.07** में, किसी राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने ऐसे अंतरराज्यीय आवक प्रदाय किए हैं जिन पर इनपुट कर पश्चातवर्ती वित्तीय वर्ष के सितंबर के अंत तक अप्रयुक्त है और संदत्त एकीकृत कर पर इनपुट कर प्रत्यय केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 16 की उप धारा (4) और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 के अनुसार उपलब्ध नहीं है और उक्त एकीकृत कर एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 के अधीन संविभाजित किया जाना है।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर के रूप में संविभाजित होने वाले एकीकृत कर के सार को क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 और प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01** के स्तम्भ 8 में दर्शाया जाएगा;

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल-01.11** में, किसी राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने ऐसा आयात किया हो जिस पर इनपुट कर प्रत्यय पश्चातवर्ती वित्तीय वर्ष के सितंबर मास के अंत तक अप्रयुक्त रहा हो और इस प्रकार, संदत्त एकीकृत कर पर इनपुट कर प्रत्यय केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 16 की उप-धारा (4) और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 के अनुसार उपलब्ध नहीं है, और उक्त संदत्त एकीकृत कर को एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 के अधीन संविभाजित किया जाना है।

टिप्पण : इस विवरणी से राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केन्द्रीय कर को प्रभाजित किये जाने वाले एकीकृत कर का सार क्रमश: **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01 तथा प्ररूप जीएसटी एसटीएल 2.01**, दोनों के स्तम्भ 12 में दर्शाया जाएगा।

5. केन्द्रीय (एकीकृत कर) तथा केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) के बीच एकीकृत कर के प्रति-उपयोग तथा प्रभाजन की रिपोर्ट:—

प्ररूप जीएसटी एसटीएल – 02.01 से जीएसटी एसटीएल – 02.02 में, किसी विशिष्ट मास में, केन्द्रीय/एकीकृत कर) तथा केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) के बीच निधियों के अंतरण के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं:

(क) प्ररूप जीएसटी एसटीएल – 02.01 में राज्यवार ब्यौरे अंतर्विष्ट करते हुए एक मासिक समेकित विवरणी, जिसमें केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 53 तथा एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 18 में यथा उपबंधित केन्द्रीय (एकीकृत कर) से केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) या इसके विपरीत किये गये प्रत्यय के प्रति- उपयोग के कारण, तथा एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 में यथा-उपबंधित केन्द्रीय (एकीकृत कर) से केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) में प्रभाजन के कारण अंतरित की जाने वाली कुल राशि से संबंधित मासवार ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे;

(ख) प्ररूप जीएसटी एसटीएल-02.02 में मासिक रिपोर्ट, जिसमें ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची अंतर्विष्ट होगी, जिन्होंने एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 18 के अधीन यथा उपबंधित एकीकृत कर के इनपुट कर प्रत्यय से केन्द्रीय कर के दायित्व का समायोजन रजिस्ट्रीकृत किया है।

टिप्पण: एकीकृत कर के इनपुट कर प्रत्यय से संदेय केन्द्रीय कर का सारांश प्ररूप **जीएसटी एल 02.01 के स्तम्भ 4** में दर्शाया जाएगा।

6. मांग के संबंध में वसूल किए गए एकीकृत कर, संदत्त चक्रवाही राशि तथा अपील फाइल करने के लिए जमा की गई राशि के केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) तथा राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य क्षेत्र) के बीच प्रभाजन से संबंधित रिपोर्ट :—

एक विशिष्ट मास के दौरान प्रत्येक राज्य तथा संघ राज्य-क्षेत्र के मांग आदेश के आधार पर वसूला गया एकीकृत कर तथा उस पर लगाये गये ब्याज तथा जुर्माना, अथवा चक्रवाही राशि, अथवा केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 79, धारा 107, धारा 112 तथा धारा 138 और संबंधित राज्य के राज्य माल और सेवा कर अधिनियम तथा संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21, जिसके लिए केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (5) और राज्य माल एवं सेवा कर अधिनियम तथा संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 के अनुसार इनपुट कर प्रत्यय उपलब्ध नहीं है तथा उक्त एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 के अधीन उक्त एकीकृत कर का

प्रभाजन किया जाना है, में यथा उपबंधित अपील फाइल करने के लिए जमा की गई राशि के संबंध में विवरणी **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 03.01 से जीएसटी एसटीएल- 03.02** में निम्न रूप से भेजी जाएगी :—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 03.01** में एक मासिक राज्य-वार समेकित विवरणी जिसमें एकीकृत कर और उस पर ब्याज और जुर्माने के रूप में वसूली गई राशि अथवा चक्रवाही राशि अपील फाइल करने के लिए जमा की गई राशि जिसका राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य कर) तथा केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) के बीच प्रभाजन किया जाना है।

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 03.02** में राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत ऐसे व्यक्तियों की सूची जिनसे मांगों के आधार पर ब्याज तथा उस पर जुर्माने सहित एकीकृत कर की वसूली की गई है, अथवा चक्रवाही राशि अथवा केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 79, धारा 107, धारा 112 तथा धारा 138 और संबंधित राज्य के राज्य माल और सेवा कर अधिनियम तथा संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 में यथा उपबंधित एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम के अधीन अपील फाइल करने के लिए राशि जमा की गई है।

7. एकीकृत कर की राशि, जिसमें प्रदाय के स्थान का निर्धारण नहीं हो सका है या इस प्रकार के प्रदाय करने वाले कराधेय व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, के केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) और राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) के बीच प्रभाजन के संबंध में रिपोर्ट:—

प्रत्येक राज्य तथा संघ राज्य-क्षेत्र द्वारा **फॉर्म जीएसटी एसटीएल 04.01** से **जीएसटी एसटीएल-04.03** में राज्य (राज्य कर) अथवा केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) तथा केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) के बीच प्रभाजित किये जाने वाले एकीकृत कर के संबंध में विवरण निम्न प्रकार प्रेषित करने होंगे:—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 04.01** में एक विशिष्ट मास के दौरान एकत्र किये गये ऐसे एकीकृत कर, जिसमें प्रदाय के स्थान का निर्धारण नहीं हो सका है या ऐसा प्रदाय करने वाले कराधेय व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, के एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2) के परंतुक में यथा उपबंधित एकीकृत कर के राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) तथा केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) में प्रभाजन का सारांश दर्शाते हुए एक मासिक राज्य–वार समेकित विवरण-पत्र;

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 04.02** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिनसे एकीकृत कर एकत्रित किया गया है जिसके संबंध में कराधेय व्यक्ति द्वारा प्रदाय के स्थान का अवधारण नहीं किया जा सका है और जिसका एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उप धारा (2) के पहले परंतुक के अधीन यथा उपबंधित प्रभाजन किया जाना है,

(ग) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 04.03** में एकत्रित किये गये ऐसे एकीकृत कर के विवरण जिनमें ऐसे प्रदाय करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, और जिसका एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2) के दूसरे परंतुक के अधीन यथा उपबंधित प्रभाजन किया जाना है, और यह एक वार्षिक रिपोर्ट होगी जो प्रत्येक वर्ष अक्तूबर में प्रस्तुत की जाएगी।

8. पूर्व में प्रभाजित एकीकृत कर, जिसका बाद में प्रतिदाय दे दिया गया है, के कारण केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) तथा राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) को प्रभाजित की जाने वाली राशि में कटौती के संबंध में रिपोर्ट:—

प्रत्येक राज्य तथा संघ राज्य-क्षेत्र द्वारा प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 05.01 से जीएसटी एसटीएल-05.12** में, किसी भी मास के दौरान, पूर्व में प्रभाजित एकीकृत कर, जिसे बाद में एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (15) में यथा उपबंधित के अनुसार प्रतिदाय दे दिया गया है, के कारण केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) तथा राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) को प्रभाजित की जाने वाली राशि में कटौती के संबंध निम्न रूप से विवरण प्रस्तुत करने होंगे:—

(क) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.01** में एक मासिक राज्य वार समेकित विवरण-पत्र, जिसमें करदाताओं द्वारा अदा किये गये एकीकृत कर, जिसको पहले ही प्रभाजित कर दिया गया है, परंतु जिसे बाद में केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, राज्य माल और सेवा कर अधिनियम और संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कारण संबंधित व्यक्तियों को वापिस कर दिया गया है, के कारण एक विशिष्ट मास में, एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (5) में यथा उपबंधित के अनुसार केन्द्रीय (केन्द्रीय कर) तथा राज्य (राज्य कर) या केन्द्रीय (संघ राज्य-क्षेत्र कर) को प्रभावित की जाने वाली राशि में कटौती की जानी है;

(ख) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल- 05.01** में दी गई जानकारी के संबंध में राज्य-वार विवरण दर्शाने वाली मासिक रिपोर्ट निम्न प्रकार हैं:—

(i) ऐसे रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जिन्होंने माल अथवा सेवाओं अथवा दोनों की अंतर-राज्जीय प्रदाय किया था और उक्त एकीकृत कर को एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 की उप-धारा (2) के उपबंधों के अनुसार प्रभाजन कर दिया गया था क्योंकि केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, राज्य और सेवा कर अधिनियम की धारा 17 तथा संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21 के अनुसार यह प्रदाय प्रत्यय की पात्र नही था। यह कर देयता, जिसे बाद में केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम तथा संबंधित राज्य के माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 20 तथा 34 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) में यथा उपबंधित, उक्त प्रदायों के लिए कर दाताओं को प्रत्यय नोट या इनपुट सेवा संवितरण प्रत्यय नोट जारी किये जाने के कारण कम हो गया था, की जानकारी **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.02** में दी जाएगी।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर तथा केन्द्रीय कर में जमा की जाने वाली राशि में कटौती का सारांश **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5.01** के क्रम सं. 1 में दर्शाया जाएगा;

(ii) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.03** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जिन्होंने एकीकृत कर अदा कर दिया था और उक्त एकीकृत कर का प्रभाजन कर दिया गया था क्योंकि प्रदाय निर्माता डीलरों को की गई थी, जिनकी कर देयता केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम तथा संबंधित राज्य के माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 10 और 34 (या संघ राज्य-क्षेत्र कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन उपबंधित निर्माता करदाताओं को प्रत्यय नोट जारी किये जाने के कारण बाद में घट गई थी।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर तथा केन्द्रीय कर को प्रत्यय की जाने वाली राशि में कटौती का सारांश **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5.01 के क्रम सं. 2** में दर्शाया जाएगा;

(iii) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.04** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जिन्होंने एकीकृत की अदा कर दिया था और उक्त एकीकृत कर का प्रभाजन कर दिया गया था क्योंकि प्रदाय अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को की गई थी, और केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम तथा राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 34 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन यथा उपबंधित अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को प्रत्यय नोट जारी किये जाने के कारण बाद में उनकी कर देयता घट गई थी।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर तथा केन्द्रीय कर को प्रत्यय की जाने वाली राशि में कटौती का सारांश **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5.01** के क्रम सं. 3 में दर्शाया जाएगा;

(iv) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.05** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत कर दाताओं की सूची जिन्होंने एकीकृत कर अदा कर दिया था और उक्त एकीकृत कर का प्रभाजन कर दिया गया था और केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम तथा राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धाराओं 107 और 112 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन यथा उपबंधित अपील फाइलकरने के लिए अदा की गई राशि तथा उस पर ब्याज वापिस किये जाने के कारण उनकी माँग घट गयी थी जिसके कारण प्रभाजित किये जाने वाले एकीकृत कर में कटौती की जानी है।

टिप्पण: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर तथा केन्द्रीय कर में प्रत्यय की जाने वाली राशि में कटौती का सारांश **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5.01 के क्रम सं. 4** में दर्शाया जाएगा;

(v) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.06** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जिनसे प्रदायकर्ताओं द्वारा प्रदाय स्वीकार न किये जाने के कारण ब्याज सहित एकीकृत कर की वसूली कर गई थी और केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धाराओं 42 और 43 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन यथाउपबंधित क्रेता का निविष्ट कर प्रत्यय ब्याज सहित वापिस ले लिया गया था और ब्याज की राशि को प्रभाजित कर दिया गया था और बाद में प्रदायकर्ता द्वारा प्रदाय स्वीकार किये जाने पर प्रभाजित की जाने वाली ब्याज की राशि घट जाएगी।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केन्द्रीय कर को प्रत्यय की जाने वाली राशि में कटौती का सारांश प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 5.01** के क्रम सं. 5 में दर्शाया जाएगा;

(vi) रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जहां संदत्त एकीकृत कर को उन अन्तर-राज्यीय आवक प्रदाययों के कारण विभाजित किया गया जिनके लिए इनपुट कर प्रत्यय को पूर्व में अपात्र घोषित किया गया और विभाजित किया गया किंतु केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 17) (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अंतर्गत अब पात्र बन गए हैं जिससे एकीकृत कर में आयी कमी को **जीएसटी एसटीएल 05.07** प्ररूप में विभाजित किया जाएगा।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर में प्रत्यय की जाने वाली राशि की कमी का सारांश को **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5-01** की क्रम सं.06 में दर्शाया जाएगा;

(vii) रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की संख्या जहां केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 79 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन वसूली किए गए या उचित अधिकारी द्वारा उठाई गई मांग के परिणाम स्वरूप 'संदत्त' एकीकृत कर को विभाजित किया गया और मांग को अपील आदेश द्वारा तत्पश्चात् उल्टा किया गया जैसा कि केंद्र माल और सेवा कर अधिनियम और संबंधित राज्यों के माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 107,112,113, 117 और 118 (या संघ राज्य क्षेत्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अंतर्गत प्रावधान किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप एकीकृत कर में आयी कमी को **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.08** में विभाजित किया जाएगा।

टिप्पणी : राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर में प्रत्यय होने वाली राशि में कमी के सारांश को प्ररूप **जीएसटी एसटीएल 5.01** की कम सं 7 में दर्शाया जाएगा;

(viii) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 05.09** में ऐसे रजिस्ट्रीकृत करदाताओं की सूची जिनके केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम और संबंधित राज्यों के माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 37, धारा 38 और धारा 39 (या संघ राज्य-क्षेत्र माल एसं सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अंतर्गत दिए गए प्रावधानानुसार विवरणी में शुद्धि करने के कारण भुगतान के बाद संदेय राशि में संशोधन के कारण एकीकृत कर के भुगतान की देयता में कमी आती है और इस तरह संदत्त अतिरिक्त एकीकृत कर को प्रभाजित किया गया है, या रजिस्ट्रीकृत करदाता जिसने एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 16 मे यथाउपबंधित शून्य दर वाले प्रदायों के कारण प्रतिदाय का दावा किया है, और अब उसे केंद्रीय कर और राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर में से घटाया जाना है।

टिप्पणी: राज्य कर या संघ राज्य-क्षेत्र कर और केंद्रीय कर में प्रत्यय की जाने वाली राशि की कमी का सारांश को **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 5.01 की क्रम सं.08 में दर्शाया जाएगा।**

9. प्रतिदायों से विभिन्न करों की वसूली से संबंधित रिपोर्ट:—

केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम और राज्य माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 54 की उपधारा (10) (या संघ राज्यीय क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 21) के अधीन दिए गए प्रावधानानुसार प्रतिदाय से किसी कर, ब्याज, जुर्माने, शुल्क या अन्य किसी राशि की वसूली होने पर केंद्र (केंद्रीय कर) और राज्य (राज्य कर) या केंद्र (संघ राज्य-क्षेत्र कर) के बीच उत्पन्न होने वाले निपटान की रिपोर्ट को **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 06.01** में प्रस्तुत किया जाएगा।

10. प्रत्येक राज्य और संघ राज्य-क्षेत्र तथा केंद्र हेतु समेकित निपटान रजिस्टर से संबंधित रिपोर्ट:—

(1) प्रत्येक राज्य और संघ राज्य-क्षेत्र के लिए **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 07.01** मासिक समेकित निपटान रजिस्टर भेजा जाना चाहिए और इस रजिस्टर में रिपोर्ट प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01, 3.01, 4.01 और 6.01 में निहित निपटान ब्यौरों के समेकित सारांश पर आधारित राज्य कर खाते से केंद्र कर खाते या एकीकृत कर खाते और इसके विपरीत निधि के अंतरण के समेकित ब्यौरें होने चाहिए।

(2) **प्ररूप जीएसटी एसटीएल 07.02** में मासिक समेकित निपटान रजिस्टर भेजा जाना चाहिए और इस रजिस्टर में रिपोर्ट प्ररूप जीएसटी एसटीएल 1.01, 2.01, 4.01, 5.01 और 6.01 में निहित निपटान ब्यौरों के समेकित सारांश पर आधारित केंद्र कर खाते से एकीकृत कर खाते में और इसके विपरीत क्रम में निधि के अंतरण के समेकित ब्यौरें होने चाहिए।

11. अन्य प्रावधान:—

(1) प्रत्येक मास के लिए अनंतिम मंजूरी आदेश जारी करना - (क) प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक द्वारा एक लॉग-इन आधारित केंद्रीकृत लेखाकरण पोर्टल की व्यवस्था की जानी चाहिए जिस पर राज्य लेखा प्राधिकरण, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और राज्य कराधान प्राधिकरणों द्वारा काम किया जा सके।

(ख) उपर्युक्त बही-खातों की प्राप्ति पर प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक एकीकृत माल और सेवा कर खाते से प्रत्येक राज्य को या इसके विपरीत क्रम से दिए जाने वाले कुल भुगतान की गणना करेगा और केंद्रीकृत लेखाकरण पोर्टल पर माल और सेवा कर नेटवर्क से आंकड़ों की प्राप्ति के तीन कार्यकारी दिनों के भीतर राज्य-वार सारांश अपलोड करेगा। तत्पश्चात इस आंकड़ों के अपलोड होने के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा उपनियम (2) में दी गई प्रक्रियानुसार मास के लिए अनंतिम मंजूरी आदेश जारी किया जाएगा।

(2) माल और सेवा कर नेटवर्क द्वारा दिए गए आंकड़ों में किसी विसंगति का हल निकालना:

(क) माल और सेवा कर नेटवर्क द्वारा प्रत्येक मास के लिए उपलब्ध कराए गए उपर्युक्त बही-खातों के आधार पर केंद्र और संबंधी राज्य लेखाकरण प्राधिकारियों वर्ग, बोर्ड और राज्य कर नोडल प्राधिकारी वर्ग प्राप्त भुगतानों के ब्यौरे, इनपुट कर प्रत्यय परस्पर-उपयोग और माल और सेवा कर नेटवर्क से प्राप्त प्रभाजन ब्यौरों का

समाधान करेंगे और किसी विसंगति के मामले में माल और सेवा कर नेटवर्क और प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक से आने वाले मास की 20 तारीख तक संपर्क करेंगे।

(ख) यदि केंद्र या राज्य (राज्यों) लेखाकरण प्राधिकारी या कराधान प्राधिकारी द्वारा इस अवधि के अंदर कोई विसंगति पकड़ी जाती है तो माल और सेवा कर नेटवर्क मामले को देखेगा और आवश्यकता पड़ने पर संशोधित संगणना तैयार करेगा और इसे दोबारा केंद्र तथा राज्य लेखाकरण, कराधान प्राधिकारियों और प्रधान मुख्य नियंत्रक को मास की 25 तारीख तक भेजेगा।

(ग) माल और सेवा कर नेटवर्क से प्राप्त संशोधित संगणना के आधार पर तथा उप खण्ड (क) और (ख) में संदर्भित किसी विसंगति का समाधान करने के बाद यदि किसी राज्य के संबंध में कोई बदलाव किया जाता है तो प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक एकीकृत माल और सेवा कर लेखा से प्रत्येक राज्य तथा इसके विपरीत क्रम से होने वाले कुल भुगतान की संगणना करेगा और इसके अंतिम राज्य-वार सारांश को केंद्रीकृत लेखाकरण पोर्टल पर माल और सेवा कर नेटवर्क से संशोधित आंकड़े प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर अपलोड करेगा तथा इस आंकड़े के अपलोड होने के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा नीचे दी गई प्रक्रियानुसार मास के लिए अंतिम मंजूरी आदेश जारी करेगा—

(i) केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकरण का केंद्रीयकृत लेखाकरण पोर्टल का इस्तेमाल राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यों के साथ राज्य-वार निपटान के ब्यौरों को डाउनलोड करने हेतु किया जाएगा।

(ii) राजस्व विभाग का एक पदनामित व्यक्ति सक्षम प्राधिकारी के आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत एकीकृत माल और सेवा कर खाते से प्रत्येक राज्य या इसके विपरीत क्रम से अंतरित होने वाली निधि का मंजूरी आदेश जारी करेगा।

(iii) प्रत्येक राज्य हेतु प्रत्येक मास के लिए अनंतिम मंजूरी आदेश प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक द्वारा उप नियम (1) के अनुसार अपलोड किए गए ब्यौरों के आधार पर जारी किया जाएगा।

(iv) प्रत्येक राज्य हेतु प्रत्येक मास के लिए अंतिम मंजूरी आदेश, यदि जरूरत हो तो, प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक द्वारा उप नियम (3) के अनुसार अपलोड किए गए ब्यौरों के आधार पर जारी किया जाएगा।

(v) मंजूरी आदेश को प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक द्वारा राज्य-वार निधि निपटान के ब्यौरे के अपलोड किए जाने के तीन दिनों के अंदर जारी किया जाना चाहिए।

(vi) केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकरण को संबोधित इलैक्ट्रॉनिक मंजूरी (डिजीटल हस्ताक्षरित) आदेश जिसमें राज्य-वार ब्यौरें होंगे, को प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड के केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकरण के पोर्टल पर लॉग-इन आधारित प्रणाली से अपलोड किया जाएगा।

(vii) चूंकि मंजूरी पत्र में निपटान के ब्यौरे भी होंगे अत: यह भविष्य के समाधान और लेखा-परीक्षा के प्रयोजनों हेतु राज्य सरकार के रिकॉर्डों में उपलब्ध होने चाहिए।

(viii) राज्य सरकारों को केंद्र द्वारा अंतरित हो रही निधि के बारे में मंजूरी के माध्यम से ही पता चलना चाहिए।

(ix) मंजूरी की प्रति संबंधित राज्य महालेखाकार को भी प्रेषित की जानी चाहिए।

(x) केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकरण, राजस्व विभाग से प्राप्त मंजूरी के आधार पर एक अंतर सरकारी सलाह का सृजन करेगा और उसे मंजूरी आदेश के जारी होने के तीन दिनों के अंदर इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक (केंद्रीय लेखा अनुभाग, नागपुर) को भेजेगा।

(xi) भारतीय रिजर्व बैंक, इलैक्ट्रॉनिक अंतर-सरकारी सलाह के आधार पर भारत की संचित निधि और संबंधित राज्य की राज्यों की संचित निधि के बीच आवश्यक निपटान करेगा; 'निकासी ज्ञापन' सृजित करेगा और उसे केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकरण और राज्य लेखाकरण प्राधिकारियों तथा महालेखाकार को संप्रेषित करेगा।

(xii) केंद्रीय लेखाकरण प्राधिकारी वर्ग भारतीय रिजर्व बैंक को अंतर-सरकारी सलाह जारी करते समय समुचित लेखाकरण प्रविष्टियां करनी होगी।

(xiii) संबंधित राज्य लेखाकरण प्राधिकारी वर्ग और महालेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक से निकासी ज्ञापन की प्राप्ति के समय उचित लेखाकरण प्रविष्टियां करेगा।

[फा. सं. 31013/16/2017-एसटी-I-डीओआर]

एस. आर. मीणा, अवर सचिव

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल - 01.01

सीमा शुल्क प्राधिकारियों से प्राप्त रिटर्नों, रिटर्नों के अलावा अन्यों तथा सूचना के आधार पर केन्द्र तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के बीच निधियों के अंतरण का विवरण

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17 और 18 तथा सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 53]

[नियम.....के अनुसार]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास -

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	मास	एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी आईटीसी (आईएसडी द्वारा परस्पर उपयोग सहित) के प्रति समायोजित आईजीएसटी दायित्व	आईजीएसटी आईटीसी से समायोजित एसजीएसटी/यूटी जीएसटी दायित्व	अरजिस्ट्रीकृत इकाई को आईएसडी संवितरण, विशेष आर्थिक क्षेत्र को निर्यातों और प्रदायों सहित बी2सी आपूर्तियों पर एकत्र आईजीएसटी का एसजीएसटी/यूटीजीएसटी भाग	समेकन कराधेय व्यक्ति/अनिवासी कराधेय व्यक्ति/ यूआईएन धारकों को की गई अंतर-राज्यीय/संघ राज्य क्षेत्र आपूर्तियों के लिए आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग	बी से बी आपूर्तियों पर एकत्रित आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग, जहां आईटीसी को अपात्र घोषित कर दिया गया है, जिसमें समेकन योजना के विकल्प की वजह से व्यपगत आईटीसी शामिल है
1	2	3	4	5	6	7

बी से बी आपूर्ति पर एकत्रित आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग जिसमें विशिष्ट अवधि तक आईटीसी अप्रयुक्त रहा	गैर रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों द्वारा आयात की गई आपूर्तियों पर एकत्र आईजीएसटी का एसजीएसटी/यूटीजीएसटी भाग	यूआईएन धारकों / समेकन कराधेय व्यक्तियों द्वारा आयातित आपूर्तियों पर आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग	रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों (समेकन के अतिरिक्त) द्वारा आयातित माल/सेवा पर एकत्रित आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग, जहां आईटीसी को अपात्र घोषित किया गया है	रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा आयातित माल पर एकत्रित आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग जिसमें निर्धारित अवधि तक आईटीसी अप्रयुक्त रहा	आईजीएसटी पर अदा किए गए रिटर्नों से संबंधित ब्याज का एसजीएसटी/यूटी जीएसटी भाग	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा केन्द्र को देय शुद्ध राशि (-) / केन्द्र से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को प्राप्त (+) (स्तंभ 4 से 13 – स्तंभ 3 का योग)
8	9	10	11	12	13	14

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल - 01.02

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने राज्य माल और सेवा कर/संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर तथा केन्द्रीय माल और सेवा कर के इनपुट कर प्रत्यय से एकीकृत माल और सेवा कर दायित्व को समायोजित किया है

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 3 के लिए)

[सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 53]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	जीएसटीआईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं है तो विधिक नाम)	परस्पर उपयोग (प्रति उपयोजन) का प्रवर्ग (रिटर्नों/रिटर्नों के अलावा)	एआरएन/ आईजीएसटी मांग आईडी	रिटर्न की कर अवधि	सीजीएसटी आईटीसी से अदा किया गया आईजीएसटी	एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी आईटीसी से अदा किया गया आईजीएसटी
1	2	3	4	5	6	7	8
कुल							

नोट 1 : आपूर्तिकर्ता के अवैध रिटर्न को प्रभाजन/निपटान के प्रयोजनार्थ विचार नहीं किया जाएगा । तथापि, खरीददार के अवैध रिटर्न पर विचार किया जाएगा यदि वह दायित्व के भुगतान के लिए परस्पर उपयोजन का उपयोग करता है, चूंकि आपूर्तिकर्ता भुगतान कर चुका है और आपूर्तिकर्ता से सरकार को राजस्व प्राप्त हो गया है ।

2. रिटर्नों के अलावा अन्य प्रयोजनार्थ के लिए प्रत्यय के परस्पर उपयोजन के मामले में मांग आईडी का उल्लेख करना होगा ।

3. ए आर एन का तात्पर्य रिटर्न की प्राप्ति संदर्भ संख्या से है ।

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल - 01.03

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने राज्य माल और सेवा कर/संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर के इंपुट कर प्रत्यय से एकीकृत माल और सेवाकर दायित्व को समायोजित किया है

(01.01 के स्तंभ 4 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 18]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	जीएसटी आईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं है तो विधिक नाम)	परस्पर उपयोग (क्रॉस यूटिलाइजेशन) की श्रेणी (रिटर्नों/रिटर्नों के अलावा)	एआरएन/ एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी मांग आईडी	एआर एन	रिटर्न की कर अवधि	आईजीएसटी आईटीसी से अदा किया गया एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी	आईजीएसटी प्रत्यय से अदा किया गया सीजीएसटी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
कुल								

टिप्पणी : परस्पर उपयोजन के मामले में अवैध रिटर्न पर भी निपटान करने के लिए विचार किया जाएगा ।

रिटर्नों के अलावा अन्य प्रयोजनार्थ के लिए प्रत्यय के परस्पर उपयोजन के मामले में मांग आई डी का उल्लेख करना होगा ।

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल - 01.04

अन्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने निर्दिष्ट अवधि तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों या यूनिटों (गैर रिटर्न फाईलर्स सहित) अथवा वे करदाता जिन्होंने विशेष आर्थिक क्षेत्रों को निर्यात या प्रदाय किए हैं को बहिर्गामी आपूर्ति, जिसमें इनपुट सेवा वितरक का संवितरण शामिल है, की है (अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सेवा सहित)

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 5 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	आपूर्तिकर्ता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आपूर्तिकर्ता का जीएसटीआईएन	आपूर्ति की श्रेणी	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं है तो विधिक नाम)	एआरएन	रिटर्न की कर अवधि	राज्य के गैर रिटर्न आवेदनकर्ताओं का जीएसटीआईएन, यदि कोई हो	भुगतान किया गया आईजीएसटी	आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग	आईजीएसटी का सीजीएसटी भाग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
कुल										

IndiaCode

टिप्पणी : स्तंभ (4) को निम्नलिखित श्रेणियों में दिया जाएगा :

श्रेणी क: अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को की गई अंतरराज्यीय प्रदेयों अथवा अरजिस्ट्रीकृत एककों को वितरित आईएसडी ।

श्रेणी ख : देश के बाहर स्थित व्यक्तियों द्वारा अरजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को दी गई ऑन लाइन सेवाओं से संबंधित सूचना ।

श्रेणी ग : सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 37 तथा 38 में दिए गए अनुसार उन प्राप्तकर्ता कराधेय व्यक्तियों के ब्यौरे जिन्होंने निर्धारित अवधि तक रिटर्न दायर नहीं की हैं ।

श्रेणी घ : उन कराधेय व्यक्तियों के ब्यौरे जिन्होंने वार्षिक रिटर्न दायर करने के बाद आईटीसी प्रत्यय प्राप्त किया है ।

श्रेणी ड. : कर के भुगतान के साथ किए गए निर्यातों को ब्यौरा

श्रेणी च : कर के भुगतान के साथ विशेष आर्थिक क्षेत्र इकाई या विशेष आर्थिक क्षेत्र डेवलपर को किए गए प्रदायों का ब्यौरा

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल - 01.05

अन्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कंपोजीशन कराधेय/ गैर निवासी कराधेय व्यक्ति/यूनिक पहचान संख्या धारक को अंतरराज्यीय आपूर्ति की है

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 6 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	आपूर्तिकर्ता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आपूर्तिकर्ता का जीएसटीआईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं है तो) विधिक नाम	व्यक्तियों की श्रेणी	प्राप्तकार्ता/ यूआईएन का जीएसटीआईएन	व्यापार का नाम (वैधानिक नाम यदि उपलब्ध नहीं है तो)	एआरएन	रिटर्न की कर अवधि	भुगतान किया गया आईजीएसटी	आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग	आईजीएसटी का सीजीएसटी भाग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
कुल											

टिप्पणी : स्तंभ (5) को निम्नलिखित श्रेणियों में दिया जाएगा :

(क) श्रेणी क: समेकन कराधेय व्यक्ति,

(ख) श्रेणी ख : अनिवासी कराधेय व्यक्ति और

(ग) श्रेणी ग : यूआईएन धारक

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल– 01.06

उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने अंतर-राज्यीय आंतरिक आपूर्ति की है, जिसके लिए इनपुट कर प्रत्यय (आई.टी.सी) अपात्र/अमान्य घोषित है और कंपोजीशन स्कीम का विकल्प लेने के कारण आई टीसी व्यपगत है।

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 7 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

IndiaCode

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
वर्ष-
मास-

(राशि रुपयों. में)

क्र.सं.	प्राप्त कर्ता का जीएसटी आई एन	वितरित/आबंटित की जाने वाली आई टी सी की श्रेणी	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं तो विधिक नाम)	ए आर एन	विवरणी की कर अवधि/स्टाक सूचना देने का मास	संवितरण हेतु आईजीएसटी की राशि उपलब्धता	आईजीएसटी का एसजीएसटी/ यूटीजीएसटी भाग	आईजीएसटी का सीजीएसटी भाग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
योग								

टिप्पणी: 1. आई टी सी के दावा और वापसी के लिए संगत धाराएं- सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 17(5) और 18 (4)

2. कालम 3 की श्रेणियां निम्नानुसार होंगी:

श्रेण्णी क- सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 17(5) के अनुसार सिमें आई टीसी अपात्र है

श्रेणी ख- सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 18(4) के अनुसार समेकन स्कीम के कारण आई टी सी व्यपगत है।

श्रेणी ग- सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा के अनुसार रजिस्ट्रीकरण रद्द होने पर आई टी सी व्यपगत हुआ

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल– 01.07

उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने अंतर्राज्यीय आंतरिक आपूर्ति की है और निर्धारित अवधि तक इनपुट कर प्रत्यय अप्रयुक्त रहा।

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 8 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	जीएसटीआईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं तो विधिक नाम)	एआरएन	कर विवरणी की अवधि	वितरण हेतु उपलब्ध अप्रयुक्त आईजीएसटी आईटीसी	आईजीएसटी के अप्रयुक्त भाग का एसजीएसटी/यू.टी.जीएसटी	आईजीएसटी के अप्रयुक्त भाग का सीजीएसटी भाग
1	2	3	4	5	6	7	8
योग							

टिप्पणी: इस रिपोर्ट में प्राप्तकर्ता कराधेय व्यक्तियों की सूची भी शामिल की जाएगी जिन्होंने विवरणी भरी है परंतु सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 37, 38 और 44 में किए गए उपबंध के अनुसार निर्धारित अवधि तक आईटीसी का दावा नहीं किया है।

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल – 01.08

उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने माल का आयात किया है।

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 9 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
वर्ष-
मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	अरजिस्ट्रीकृत व्यक्ति का नाम	पता	भुगतान किया आईजीएसटी व्याज सहित यदि हो	आई जी एस टी में एस जी एसटी/यूटी जी एस टी का भाग	आई जी एस टी में सी जीएस टी का भाग
1	2	3	4	5	6
योग					

टिप्पणी: इस रिपोर्ट में सीमा शुल्क अधिकारियों से प्राप्त व्यक्तियों के ब्यौरे, यदि उपलब्ध कराए हों, भी सम्मिलित रहेंगे।

स्रोत: सीमा शुल्क अधिकारियों से मिला आयात आंकड़ा।

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल– 01.09

उन कंपोजीशन कराधेय व्यक्तियों/यूनिक पहचान संख्याधारक व्यक्तियों की सूची जिन्होंने माल का आयात किया है

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 10 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
वर्ष-
मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	आयातक का जीएसटीआईएन/ यूआईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं तो विधिक नाम)	करदाता की श्रेणी	एआरएन यदि कोई हो	कर अवधि	माल/सेवा	प्रदत्त आईजीएसटी	आईजीएसटी में एसजीएसटी, यूटीजीएसटी का भाग	आई जीएसटी में सीजीएसटी का भाग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
योग									

टिप्पणी:

1. इस रिपोर्ट में माल आयात करने की सीमा शुल्क अधिकारियों से सूचना भी शामिल रहेगी।
2. सेवा के आयात के आंकड़े वही होंगे जो विवरणी में हैं।
3. कालम 5 में निम्नलिखित श्रेणियां होंगी:

MediaCode

(क) श्रेणी क- समेकन कराधेय व्यक्ति और

(ख) श्रेणी ख- यू आई एन होल्डर

रिपोर्ट जीएसटी एसटीएल– 01.10

उन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने आयात किया और जिसपर इनपुट कर प्रत्यय (आईटीसी) अपात्र घोषित हुई

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 11 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	आयातकर्ता का जीएसटी आईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं तो विधिक नाम)	एआरएन	विवरणी की कर अवधि	उपलब्ध आईजीएसटी	आईजीएसटी का एसजीएसटी, यूटीजीएसटी भाग	आईजीएसटी में एसजीएसटी, यूटीजीएसटी का भाग
1	2	3	4	5	6	7	8
योग							

IndiaCode

जीएसटी एसटीएल रिपोर्ट- 01.11

रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने आयात किया और इस पर सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 37, 38 के प्रावधानुसार विशिष्ट अवधि तक आईटीसी अप्रयुक्त रही

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 12 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

क्र.सं.	आयातकर्ता का जीएसटीआईएन	व्यापार का नाम (यदि उपलब्ध नहीं तो विधिक नाम)	ए आर एन	विवरणी की कर अवधि	आईटीसी बची वितरण के लिए उपलब्ध अप्रयुक्त/आईजीएसटी	अप्रयुक्त आई जी एसटी भाग में एसजीएसटी/यूटी जीएसटी का भाग	अप्रयुक्त आईजीएसटी में सी जी एस टी का भाग
1	2	3	4	5	6	7	8
योग							

टिप्पणी : इस रिपोर्ट में वे मामले भी होंगे जिनका आयातकर्ता ने अपनी जीएसटीआर2/जीएसटीआर 5 में रिपोर्ट नहीं किया है।

जीएसटी एसटीएल रिपोर्ट 01.12

रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों की सूची जिन्होंने रिटर्नों से संबंधित एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) पर ब्याज अदा किया है।

(01.01 और 02.01 के स्तंभ 13 के लिए)

[आईजीएसटी अधिनियम की धारा 17]

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

वर्ष-

मास-

(राशि रुपयों में)

